Draft, Re-Draft and Amendment Eco-sensitive Zone notifications in the state of Himachal Pradesh

Chhavi Yadav < c.yadav91@gov.in >
Tue, 17 Jun 2025 11:58:56 AM +0530

To "Rajiv Kumar"<pccf-hp@nic.in>,"Archna Sharma"<pccfwl-hp@nic.in>,"cfwls"<cfwls@yahoo.com>

Cc "W Bharat Singh"<w.bharat@nic.in>,"VEENU JOON"<joon.veenu@gov.in>,"Anil Thakar"<anil.thakar@govcontractor.in>

Sir/Mam,

I am directed to enclose herewith Draft, Re-Draft and Amendment Eco-sensitive Zone notifications in the state of Himachal Pradesh for your kind information and further necessary action please with a request to publish the notifications on State Govt. website and give it vide publicity for **public/stakeholder comments on draft notifications**. The details of the notifications are as follows:

Amendment

1.S .O. No. 1795(E) [17.04.2025] Amendment in the Final Notification of Eco-sensitive Zone around Rakchham-Chitkul Wildlife Sanctuary, Himachal Pradesh.

2.S .O. No. 3249(E) [12.08.2024] Amendment in the Final Notification of Eco-sensitive Zone around Daranghati Wildlife Sanctuary, in the state of Himachal Pradesh.

3.S.O. No. 2680(E) [10.07.2024] Amendment in the Final Notification of Eco-sensitive Zone around Majathal Wildlife Sanctuary, in the state of Himachal Pradesh.

4.S.O. No. 2629(E) [05.07.2024] Amendment in the Final Notification of Eco-sensitive Zone around Shimla Water Catchment Wildlife Sanctuary, in the state of Himachal Pradesh.

---- On Tue, 17 Jun 2025 11:58:01 +0530 **Chhavi Yadav <c.yadav91@gov.in>** wrote ---

Sir/Mam,

I am directed to enclose herewith Draft, Re-Draft and Amendment Eco-sensitive Zone notifications in the state of Himachal Pradesh for your kind information and further necessary action please with a request to publish the notifications on State Govt. website and give it vide publicity for **public/stakeholder comments on draft notifications**. The details of the notifications are as follows:

Draft notification

1. S.O. No. 2644(E) [13.06.2025] Re-Draft Notification of Eco-sensitive Zone around Lippa Asrang Wildlife Sanctuary, in the state of Himachal Pradesh.

Draft, Re-Draft and Amendment Eco-sensitive Zone notifications in the state of Himachal Pradesh

Chhavi Yadav < c.yadav91@gov.in >
Tue, 17 Jun 2025 11:58:11 AM +0530

To "Rajiv Kumar"<pccf-hp@nic.in>,"Archna Sharma"<pccfwl-hp@nic.in>,"cfwls"<cfwls@yahoo.com>

Cc "W Bharat Singh"<w.bharat@nic.in>,"VEENU JOON"<joon.veenu@gov.in>,"Anil Thakar"<anil.thakar@govcontractor.in>

Sir/Mam,

I am directed to enclose herewith Draft, Re-Draft and Amendment Eco-sensitive Zone notifications in the state of Himachal Pradesh for your kind information and further necessary action please with a request to publish the notifications on State Govt. website and give it vide publicity for **public/stakeholder comments on draft notifications**. The details of the notifications are as follows:

Draft notification

1. S.O. No. 2644(E) [13.06.2025] Re-Draft Notification of Eco-sensitive Zone around Lippa Asrang Wildlife Sanctuary, in the state of Himachal Pradesh.

2.S.O. No. 734(E) [11.02.2025] Draft Notification of Eco-sensitive Zone around Rupi Bhaba Wildlife Sanctuary, in the state of Himachal Pradesh.

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World
Ministry of Cooperation, Govt of India

2 Attachment(s)

draft rupi bhaba-1.pdf 3.5 MB	Draft Notification of ESZ aroun... 3.5 MB

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-21042025-262575
CG-DL-E-21042025-262575

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1762] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अप्रैल 17, 2025/चैत्र 27, 1947
No. 1762] NEW DELHI, THURSDAY, APRIL 17, 2025/CHAITRA 27, 1947

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 2025

का.आ. 1795(अ).— केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रक्छम-चिटकूल वन्यजीव अभयारण्य, कर्नाटक के आसपास एक पारिस्थितिकी संवेदी जोन घोषित करने के लिए भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में का.आ. 2404(अ), तारीख 26 जुलाई, 2017 द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई थी;

और केंद्रीय सरकार की यह राय है कि उक्त अधिसूचना का संशोधन करना लोकहित में आवश्यक और समीचीन है;

और पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 का उप-नियम (4) यह उपबंध करता है कि जब भी केंद्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि ऐसा करना लोकहित में है, तो इसके लिए पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (3) के खंड (क) के अधीन नोटिस की अपेक्षा से अभिमुक्ति दी जा सकती है;

और केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि अधिसूचना संख्यांक का.आ. 2404(अ), तारीख 26 जुलाई, 2017 में संशोधन करने के लिए पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के खंड (क) के अधीन नोटिस की अपेक्षा से अभिमुक्ति देना लोकहित में है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (4) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में का.आ. 2404(अ), तारीख 26 जुलाई, 2017 को प्रकाशित अधिसूचना, में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

उक्त अधिसूचना में, पैरा 5 के लिए, निम्नलिखित पैरा रखे जाएंगे, अर्थात्: -

"**5. निगरानी समिति.** – केंद्रीय सरकार एक निगरानी समिति का गठन करेगी, जो निम्नलिखित व्यक्तियों से मिलकर बनेगी, अर्थात्: -

(1)	जिला मजिस्ट्रेट, किन्नौर	- अध्यक्ष, *पदेन*;
(2)	पर्यावरण या वन्यजीव (विरासत संरक्षण सहित) के क्षेत्र में काम करने वाले एक गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि जिसे हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक तीन वर्ष के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।	- सदस्य;
(3)	पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ को प्रत्येक तीन वर्ष के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।	- सदस्य;
(4)	सदस्य सचिव या सदस्य, राज्य जैव विविधता बोर्ड	- सदस्य, *पदेन*;
(5)	कार्यकारी अभियंता, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	- सदस्य, *पदेन*;
(6)	उप जिला मजिस्ट्रेट, कल्पा	- सदस्य, *पदेन*;
(7)	प्रभागीय वनाधिकारी, प्रादेशिक	- सदस्य, *पदेन*;
(8)	प्रभागीय वन अधिकारी (वन्यजीव)	- सदस्य सचिव, *पदेन*।

(2) निगरानी समिति, स्थल विशिष्ट वास्तविक परिस्थितियों के आधार पर उन क्रियाकलापों की जाँच करेगी जब कि भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अधिसूचना सं. का.आ. 1533 (अ) की अनुसूची में शामिल हैं और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आती हों, उसके पैरा 4 के अधीन दी गयी सारणी में यथा विनिर्दिष्ट निषिद्ध क्रियाकलापों को छोड़कर और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय अनापत्ति के लिए भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय या राजकीय पर्यावरण समाघात आकलन प्राधिकरण के पास भेजे गये हैं।

(3) ऐसे क्रियाकलापों, जो उप-पैरा (1) में निर्दिष्ट अधिसूचना की अनुसूची में शामिल नहीं है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर आते हैं, इसके पैरा 4 की सारणी में निषिद्ध क्रियाकलापों को छोड़कर, की जाँच निगरानी समिति द्वारा स्थल विशिष्ट वास्तविक परिस्थितियों के आधार पर की जायेगी और इन्हें विनियामक प्राधिकरणों के पास भेजा जाएगा।

(4) निगरानी समिति के सदस्य सचिव या उप आयुक्त या उप वन संरक्षक इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन शिकायत फाइल करने के लिए सक्षम होंगे।

(5) निगरानी समिति मामले-दर-मामले के आधार पर आवश्यकताओं के अनुसार अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए संबंधित विभाग के प्रतिनिधि या विशेषज्ञ, उद्योग संघों के प्रतिनिधि या संबंधित पणधारियों को आमंत्रित कर सकती है।

(6) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष के 31 मार्च तक की अवधि की अपनी गतिविधियों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उस वर्ष के 30 जून तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को उपाबंध-III में विनिर्दिष्ट प्रो-फार्मा में प्रस्तुत करेगी।

(7) केंद्रीय सरकार अपने कार्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए निगरानी समिति को लिखित रूप में ऐसे निर्देश दे सकती है, जैसा वह उचित समझे।"

[फा0सं0 25/193/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सु. केरकेट्टा, वैज्ञानिक ''जी''

टिप्पण.--मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग ।।, खंड 3, उप खंड (ii) में तारीख 26 जुलाई, 2017 को विस्तृत का.आ. 2404 (अ) के माध्यम से प्रकाशित की गई थी।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 17th April, 2025

S.O. 1795(E).—WHEREAS, the Central Government, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, issued a notification to declare an Eco-Sensitive Zone around Rakchham-Chitkul Wildlife Sanctuary, Himachal Pradesh in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* S.O. 2404(E), dated the 26th July, 2017;

AND WHEREAS, the Central Government is of the opinion that it is necessary and expedient in the public interest to amend the said notification;

AND WHEREAS, sub-rule (4) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986 provides that whenever it appears to the Central Government that it is in the public interest to do so, it may dispense with the requirement of notice under clause (a) of sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986;

AND WHEREAS, the Central Government is of the opinion that it is in the public interest to dispense with the requirement of notice under clause (a) of sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986 for amending the notification number S.O. 2404(E), dated the 26th July, 2017;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section(3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (4) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby makes the following amendments in the notification of the Government of India, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* S.O. 2404(E), dated the 26th July, 2017, namely:-

"5. **Monitoring Committee**. - The Central Government hereby constitutes a Monitoring Committee consisting of the following persons, namely: -

(i)	District Magistrate, Kinnaur	Chairman, *ex-officio;*
(ii)	One representative of a Non-Governmental Organisation working in the field of Environment or Wildlife (including heritage conservation) to be nominated by the Government of Himachal Pradesh from time to time every three years	Member;

(iii)	An expert in the area of ecology and environment to be nominated by the Government of Himachal Pradesh from time to time every three years.	Member;
(iv)	Member Secretary or Member, State Biodiversity Board	Member, *ex-officio;*
(v)	Executive Engineer, Himachal Pradesh State Pollution Control Board	Member, *ex-officio;*
(vi)	Sub District Magistrate, Kalpa	Member, *ex-officio;*
(vii)	Divisional Forest Officer, Territorial	Member, *ex-officio;*
(viii)	Divisional Forest Officer (Wildlife)	Member Secretary, *ex- officio.*

(2) The Monitoring Committee shall, based on the actual site-specific conditions, scrutinise the activities covered in the Schedule to the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Environment and Forest, *vide* S.O. 1533 (E), dated the 14th September, 2006, and are falling in the Eco-sensitive Zone, except for the prohibited activities as specified in the Table under paragraph 4 thereof, and referred to the Central Government in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change or the State Environment Impact Assessment Authority, as the case may be, for prior environmental clearances under the provisions of the said notification.

(3) The activities not covered in the Schedule to the notification referred to in sub-paragraph (2) and falling in the Eco-sensitive Zone, except for the prohibited activities as specified in the Table under paragraph 4 thereof, shall be scrutinised by the Monitoring Committee based on the actual site-specific conditions and referred to the concerned regulatory authorities.

(4) The Member-Secretary of the Monitoring Committee or the Collector or the Deputy Conservator of Forests shall be competent to file complaint under section 19 of the Environment (Protection) Act, 1986 against any person who contravenes the provisions of this notification.

(5) The Monitoring Committee may invite representative or expert from the Department concerned, representative from industry associations or stakeholders to assist in its deliberations depending on the requirements on case to case basis.

(6) The Monitoring Committee shall submit the annual action taken report of its activities for the period up to the 31st March of every year by the 30th June of that year to the Chief Wildlife Warden of the State in proforma specified in Annexure-III.

(7) The Central Government may give such directions in writing, as it deems fit, to the Monitoring Committee for effective discharge of its functions.".

[F. No. 25/193/2015-ESZ-RE]

DR. S. KERKETTA, Scientist "G"

Note.- The principal notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* S.O. 2404(E), dated the 26th July, 2017.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

GORAKHA NATH YADAVA Digitally signed by GORAKHA NATH YADAVA Date: 2025.04.21 16:06:49 +05'30'

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13082024-256322
CG-DL-E-13082024-256322

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3095] नई दिल्ली, सोमवार, अगस्त 12, 2024/श्रावण 21, 1946
No. 3095] NEW DELHI, MONDAY, AUGUST 12, 2024/SHRAVANA 21, 1946

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 अगस्त, 2024

का.आ. 3249(अ).— केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में अधिसूचना संख्यांक का.आ. 838 (अ), तारीख 16 मार्च, 2017 द्वारा प्रकाशित भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की दरांगघाटी वन्यजीव अभयारण्य, हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात;

उक्त अधिसूचना में-

(क) मानीटरी समिति से संबंधित पैरा 5 के स्थान पर, निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा: अर्थात्:-

"5. **मानीटरी समिति**.- केंद्रीय सरकार मानीटरी समिति के नाम से ज्ञात एक समिति का गठन करती है, जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात्: -

(1) उपायुक्त, शिमला — अध्यक्ष, *पदेन*;

(2) पर्यावरण या वन्य जीवन (विरासत संरक्षण सहित) के क्षेत्र में — सदस्य;

	काम करने वाले एक गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि, जिसे हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया गया है।	
(3)	पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ को हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य;
(4)	हिमाचल प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड का सदस्य	सदस्य, *पदेन*;
(5)	कार्यकारी अभियंता, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	सदस्य, *पदेन*;
(6)	उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, रामपुर या उसका प्रतिनिधि	सदस्य, *पदेन*;
(7)	प्रभागीय वन अधिकारी, प्रादेशिक	सदस्य, *पदेन*;
(8)	प्रभागीय वन अधिकारी (वन्यजीव)	*पदेन*, सदस्य सचिव;"

(ख) पैरा 6 के स्थान पर, निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा, अर्थात्:-

"6. **मानीटरी समिति के कार्य.** – (1) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं और जो पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा करेगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के यथास्थिति, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय या राज्य समाघात निर्धारण प्राधिकरण को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(2) उन क्रियाकलापों की, जो उप-पैरा (1) में निर्दिष्ट अधिसूचना की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है और जो पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते है, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) मानीटरी समिति के सदस्य-सचिव या संबंधित कलेक्टर या संबंधित उप वन संरक्षक पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध शिकायत फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(4) मानीटरी समिति मामला दर मामला के आधार पर निर्भर रहते हुए विभाग के प्रतिनिधि या विशेषज्ञ, औद्योगिक संगमों या संबंध पणधारियों के प्रतिनिधि को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(5) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष के 31 मार्च तक की अवधि की अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उस वर्ष के 30 जून तक राज्य के मुख्य वन्य जीव संरक्षक को उपाबंध-IV में विनिर्दिष्ट निदर्शन पत्र के अनुसार प्रस्तुत करेगी।

(6) केन्द्रीय सरकार अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए मानीटरी समिति को लिखित रूप में ऐसे निदेश दे सकेगी, जैसा वह ठीक समझे।"

[फा.सं. 25/46/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सु. केरकेट्टा, वैज्ञानिक 'जी'

टिप्पण: मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में अधिसूचना संख्याक का.आ. 838(अ), तारीख 16 मार्च, 2017 द्वारा प्रकाशित की गई थी।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 12th August, 2024

S.O. 3249(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986), the Central Government hereby makes the following amendments in the notification of Daranghati Wildlife Sanctuary, Himachal Pradesh of the Government of India, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* notification number S.O. 838(E), dated the 16th March, 2017, namely:-

In the said notification, —

(a) for paragraph 5, relating to 'Monitoring Committee', the following paragraph shall be substituted, namely: -

"5. **Monitoring Committee**. — The Central Government constitutes a Committee to be known as Monitoring Committee, which shall comprise of the following persons namely:—

(1)	Deputy Commissioner, Shimla	Chairman, *ex officio;*
(2)	One representative of a Non-Governmental Organisation working in the field of Environment or Wildlife (including heritage conservation) nominated by the State Government of Himachal Pradesh for a period of three years	Member;
(3)	One expert in the area of ecology and environment to be nominated by the State Government of Himachal Pradesh for a period of three years.	Member;
(4)	Member of the Himachal Pradesh State Biodiversity Board	Member, *ex officio;*
(5)	Executive Engineer, Himachal Pradesh State Pollution Control Board	Member, *ex officio;*
(6)	Sub-Divisional Magistrate, Rampur or his representative	Member, *ex officio;*
(7)	Divisional Forest Officer, Territorial	Member, *ex officio;*
(8)	Divisional Forest Officer (Wildlife)	Member Secretary, e*x officio;*

(b) for paragraph 6, the following paragraph shall be substituted, namely: —

"6. **Functions of the Monitoring Committee**. — (1) The Monitoring Committee shall, based on the actual site-specific conditions scrutinise, the activities covered in the Schedule to the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Environment and Forest, number S.O. 1533 (E), dated the 14th September, 2006, and are falling in the Eco-sensitive Zone, except for the prohibited activities specified in the Table under paragraph 4 thereof, and referred to the Central Government in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change or the State Environment Impact Assessment Authority, as the case may be, for prior environmental clearances under the provisions of the said notification.

(2) The activities not covered in the Schedule to the notification referred to in sub-paragraph (1) and are falling in the Eco-Sensitive Zone, except for the prohibited activities as specified in the Table under paragraph 4 thereof, shall be scrutinised by the Monitoring Committee based on the actual site-specific conditions and referred to the concerned regulatory authorities.

(3) The Member-Secretary of the Monitoring Committee or the Collector or the concerned Deputy Conservator of Forests shall be competent to file complaint under section 19 of the Environment (Protection) Act, 1986 against any person who contravenes the provisions of this notification.

(4) The Monitoring Committee may invite a representative or expert from the Department, a representative from the industry associations or stakeholders to assist the committee in its deliberations depending on the requirements on a case to case basis.

(5) The Monitoring Committee shall submit the action taken report of its activities annually for the period up to the 31st March of every year to the Chief Wildlife Warden of the State by the 30th June of that year in proforma specified in Annexure-IV.

(6) The Central Government may give such directions in writing, as it deems fit, to the Monitoring Committee for effective discharge of its functions.".

[F. No. 25/46/2015-ESZ-RE]

Dr. S. KERKETTA, Scientist "G"

Note: The principal notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* notification number S.O. 838(E), dated the 16th March, 2017.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

GORAKHA NATH YADAVA Digitally signed by GORAKHA NATH YADAVA Date: 2024.08.13 15:20:35 +05'30'

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-16062025-263862
CG-DL-E-16062025-263862

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2580] नई दिल्ली, शुक्रवार , जून 13, 2025/ज्येष्ठ 23, 1947
No. 2580] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 13, 2025/JYAISTHA 23, 1947

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली,13 जून , 2025

का.आ. 2644(अ).— निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन विहित उपबंधों के अनुसार, उससे प्रभावित होने वाली जनता की जानकारी के लिए एतद्वारा प्रकाशित की जाती है; और इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना उस तारीख से साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार में ली जाएगी, जिसको इस अधिसूचना वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी जाती हैं;

मसौदा अधिसूचना में निहित प्रस्तावों पर कोई आपत्ति या सुझाव देने में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति इसे लिखित रूप में, केन्द्रीय सरकार के विचारार्थ, निर्धारित अवधि के भीतर सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को भेज सकता है, या मंत्रालय के ई-मेल पते esz-mef@nic.in पर भेज सकता है।

प्रारुप अधिसूचना

जबकि लिप्पा-असरंग वन्यजीव अभयारण्य हिमाचल प्रदेश राज्य के किन्नौर जिले के पूह उप-मंडल की मूरंग तहसील में आता है। यह भू-निर्देशांक उत्तर (31° 44' 21" उत्तर और 77° 15' 00" पूर्व), पूर्व (31° 40' 32" उत्तर और 78° 18' 07" पूर्व),

दक्षिण (31° 39' 29" उत्तर और 78° 17' 24" पूर्व) और पश्चिम (31° 41' 27" उत्तर और 78° 13' 09" पूर्व) के बीच स्थित है। यह तैती धारा के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में स्थित एक उच्च ऊंचाई वाला क्षेत्र है, जो सतलुज नदी की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है। ऊंचाई 3000 मीटर से लेकर 5122 मीटर तक है। अभयारण्य शुष्क ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र का एक अनूठा परिदृश्य दर्शाता है, जिसमें अधिकांश अभयारण्य क्षेत्र काफी हद तक समतल और आंशिक रूप से बंजर ठंडा रेगिस्तान है;

और जबकि लिप्पा-असरंग को पहली बार 1974 में हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की अधिसूचना संख्यांक 5-11/70-एसपी, तारीख 27-04-1974 के तहत एक अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया था। उसके बाद, अभयारण्य को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (1972) की धारा 26ए के अधीन 7 जून, 2013 को अधिसूचना संख्या एफईई-बी-एफ(6)-11/2005-II/ लिप्पा आसरंग के अधीन युक्तिसंगत बनाने के बाद अंतिम रूप से अधिसूचित किया गया था। वन्यजीव अभयारण्य का क्षेत्रफल 31 वर्ग किलोमीटर है;

और जबकि अभयारण्य और अधिकांश क्षेत्र भौगोलिक और जलवायु दोनों दृष्टि से अलग-थलग हैं, जिनमें अल्पाइन झाड़ियाँ और अल्पाइन चरागाह जैसे वन सम्मिलित हैं। अभयारण्य में वनस्पतियों और जीवों की कई संकटग्रस्त प्रजातियाँ पाई जाती हैं। अभयारण्य में पाई जाने वाली आरईटी प्रजातियों सहित प्रमुख प्रजातियों में हिमालयन तहर (हेमित्रागस जेमलाहिकस), हिमालयी भूरा भालू (उर्सस आर्कटोस इसाबेलिनस), हिमालयी काला भालू (उर्सस थिबेटानस लैनिगर), कस्तूरी मृग (मोस्कस ल्यूकोगास्टर), आईबेक्स (कैप्रा आइबेक्स), ब्लू शीप (स्यूडोइस नायौर), गोराल (नेमोरहेडस गोरल) आदि सम्मिलित हैं। यह अभयारण्य शानदार हिम तेंदुए (पेंथेरा उन्शिया) का घर है जो हिमाचल प्रदेश का राज्य पशु है और ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र के संरक्षण के लिए एक प्रमुख प्रजाति है;

और जबकि यह अभयारण्य एक महत्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र है जो अपने विविध पक्षी जीवन के लिए प्रसिद्ध है, जो पक्षी प्रेमियों और पक्षीविज्ञानियों को आकर्षित करता है। यह अभयारण्य कई प्रवासी पक्षियों के लिए सर्दियों के निवास स्थान के रूप में है। अभयारण्य में पाए जाने वाले पक्षी और अन्य कीट प्रजातियों में गोल्डन ईगल (एक्विला क्राइसेटोस), हिमालयन ग्रिफ़ॉन वल्चर (जिप्स हिमालयेंसिस), स्नो पार्ट्रिज (लेरवा लेरवा), हिमालयन मोनाल (लोफोफोरस इम्पेजानस), अल्पाइन एक्सेंटर (प्रुनेला कॉलरिस), लैमर्जियर (जिपेटस बार्बेटस), हिमालयन स्नोकॉक (टेट्राओगैलस हिमालयेंसिस) मिस्र का गिद्ध (नियोफ्रॉन पर्कनोप्टेरस), राम चकोर (एलेक्टोरिस चुकार), व्हाइट कैप्ड रेडस्टार्ट (फोनिकुरस ल्यूकोसेफालस), हिमालयन बज़र्ड (ब्यूटियो रिफेक्टस), कॉमन बैंडेड एवल (हसोरा क्रोमस), इंडियन फ्रिटिलरी (आर्गिनिस हाइपरबियस), पेंटेड लेडी (वैनेसा कार्डुई), इंडियन स्किपर (हेस्पेरिया कॉमा) आदि; सम्मिलित हैं।

और जबकि अभयारण्य में कई तरह की वनस्पति प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें कई दुर्लभ और स्थानिक प्रजातियाँ भी शामिल हैं। अल्पाइन घास के मैदानों से लेकर घने जंगलों तक के विविध आवासों में वनस्पतियों की एक समृद्ध विविधता है जिसमें बेतुला यूटिलिस, पिनस वॉलिचियाना, आर्टेमिसिया ब्रेविफोलिया, हेराक्लियम कैंडिकन्स, थाइमस लीनियरिस, बर्गेनिया स्ट्रेची, बिस्टोर्टा एफिनिस, रोडोडेंड्रोन एंथोपोगोन, सेड्रस देवदारा, जुनिपरस कम्युनिस, स्किमिया लॉरियोला, एकोनिटम हेटरोफिलम, जेंटियाना कुरू, ज्यूरिनिया मैक्रोसेफला, एफेड्रा जेरार्डियाना, आदि; सम्मिलित हैं।

और लिप्पा-असरंग वन्यजीव अभयारण्य के क्षेत्र, विस्तार और सीमा को, जो इस अधिसूचना में नीचे दिए गए पैरा 1 में पारिस्थितिक, पर्यावरणीय और जैव विविधता के दृष्टिकोण से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में विनिर्दिष्ट है, संरक्षित और सुरक्षित रखना आवश्यक है और उक्त पारिस्थितिक-संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्ग और उनके संचालन और प्रक्रियाओं को प्रतिसिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) के खण्ड (v) और (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, लिप्पा-असरंग वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के आसपास एक पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा जाएगा) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है, अर्थात्:-

(1) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.-

(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन लिप्पा-असरंग वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 1 किलोमीटर से 20.527 किलोमीटर तक फैला हुआ है, जिसमें 298.469 वर्ग किलोमीटर का पारिस्थितिकी संवेदी जोन सम्मिलित है। इसमें से 125.68 वर्ग किलोमीटर भूमि बंजर भूमि है, 156.08 वर्ग किलोमीटर बर्फ से ढका है, 14.74 वर्ग किलोमीटर घास का मैदान है और 1.969 वर्ग किलोमीटर में नदियां हैं।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का सीमा विवरण **अनुलग्नक I** के रूप में संलग्न है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विभिन्न मानचित्र **अनुलग्नक II क, अनुलग्नक II ख** और **अनुलग्नक II ग** और **अनुलग्नक II घ** के रूप में संलग्न हैं

(4) लिप्पा असरंग वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा पर भू-निर्देशांक **अनुलग्नक-III** के रूप में संलग्न हैं।

(5) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर कोई गांव नहीं है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन-के लिए आंचलिक महायोजना –

(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के अनुसरण में राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और भीतर राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए एक आंचलिक महायोजना तैयार और अधिसूचित करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना को इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तत्समय प्रवृत विधि के लिए सुसंगत विधियों तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप यदि कोई हों, तैयार किया जायेगा।

(3) आंचलिक महायोजना को उक्त योजना में पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण विचारों को समाहित करने के लिए, राज्य सरकार निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार किया जाएगा, अर्थात्:

i. वन;

ii. राजस्व;

iii. कृषि और बागवानी;

iv. पंचायती राज और ग्रामीण विकास;

v. सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

vi. पर्यटन;

vii. नगर पालिका और शहरी विकास;

viii. लोक निर्माण विभाग और राजमार्ग;

ix. हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

x. पर्यावरण

(4) जब तक इस अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में तब तक विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं किया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना की सभी अवसंरचनाओं और उसके क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना, में वनरहित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं का उपबंध किया जाएगा, जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है ।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि, उद्यानों और उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा, सहायक मानचित्रों के साथ जिनमें विद्यमान तथा प्रस्तावित भू-उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों का निर्धारण किया जाएगा।

(7) इस आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के विकास का विनियमित किया जायेगा और पैरा 4 की तालिका में दिये गये प्रतिसिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन किया जाएगा और स्थानीय समुदायों की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित किया जाएगा और उसे बढावा दिया जायेगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) इस तरह अनुमोदित आंचलिक महायोजना मॉनीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

(10) आंचलिक महायोजना की तैयारी लंबित रहने के दौरान और अनुमोदन तक, नई विकासात्मक क्रियाकलापों को पैरा 6 के उप-पैरा (1) और (2) में विनिर्दिष्ट उपबंधों द्वारा नियंत्रित किया जाएंगा।

3. राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय. - राज्य सरकार अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्: -

(1) भू-उपयोग. – (क) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिह्नित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन की अनुमति नहीं होगी:

परंतु पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर कृषि और अन्य भूमि, उपर्युक्त भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के अतिरिक्त अन्य प्रयोजनों के लिए, मॉनीटरी समिति की सिफारिश पर तथा राज्य सरकार या केंद्र सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन क्षेत्रीय शहर नियोजन अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, इस अधिसूचना के उपबंधों के तहत तेह यथा प्रयोज्य स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं और क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुमति दी जा सकेगी, जैसे,-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का सन्निर्माण और नवीनीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) पैराग्राफ-4 के मद में यथा उल्लिखित बढ़ावा दिए गए क्रियाकलापः

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक तथा औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अधीन आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, मॉनीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा:

परंतु यह भी कि हरित क्षेत्र, जैसे वन क्षेत्र तथा कृषि क्षेत्र में कोई परिणामी कमी नहीं आएगी। अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के कार्यकलापों से पुन: वनीकरण किए जाने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) प्राकृतिक जल स्रोत.- सभी प्राकृतिक झरनों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा मार्गदर्शक सिद्धांत इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया गया हो जो इन क्षेत्रों के लिए हानिकारक हैं।

(3) पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन. – (क) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी-संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुमत होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से राज्य पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें से जो भी अधिक निकट हो: किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुमत नहीं किया जाएगा,

परंतु यह, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभिहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुमत होगी;

(ii) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना को अनुमोदन नहीं मिल जाता, तब तक पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को स्थल-विशिष्ट संवीक्षा और मॉनीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नये होटल/रिजार्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान के संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(4) **प्राकृतिक विरासत. –** पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 और इसके संशोधनों के उपबंधों के अनुसरण में किया जाएंगा ।

(7) **वायु प्रदूषण. -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण. -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण; - जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट. -** ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबन्धन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1357 (अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के अधीन प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, समय -समय पर यथा संशोधित उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक सामग्री का निपटान पर्यावरणीय रीति में पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर अभिज्ञात स्थल पर किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जायेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट. -** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, समय -समय पर यथा संशोधित उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(11) प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.– पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय -समय पर यथा संशोधित अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 340 (अ), तारीख 18 मार्च, 2016, के अधीन प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संसोधित अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 317 (अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित और समय -समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) वाहनों का आवागमन.- वाहनों के आवागमन से उत्पन्न समस्या को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, मॉनीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार वाहन जनित के अनुपालन की मॉनीटरी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण. -** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां. -** (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात् पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016, समय-समय पर यथा संशोधित, द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण. -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 (या नवीनतम अधिसूचना) और वन (संरक्षण) अधिनियम सहित अन्य लागू विधियों सहित उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगी और 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 (53 का) 1972), और उसमें किए गए संशोधन और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
		क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप
1	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयाँ ।	क. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर घरों के निर्माण या मरम्मत के लिए मिट्टी खोदने सहित स्थानीय निवासियों की घरेलू जरूरतों को पूरा करने को छोड़कर, सभी नए और मौजूदा खनन (लघु और प्रमुख खनिज), पत्थर उत्खनन और उनके तोड़ने की इकाइयों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है; ख. खनन प्रचालन कार्य, टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम यूओआई के मामले में डब्ल्यू.पी.(सी) संख्या 202/1995 में, दिनांक 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसार, जो गोवा फाउंडेशन बनाम यूओआई के मामले में डब्ल्यू.पी.(सी) संख्या 435/2012 में, तथा दिनांक 28 अप्रैल, 2023 के आदेश के अनुसार टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम यूओआई के मामले में और डब्ल्यू.पी.(सी) संख्या 202/1995 में

		दिए गए थे, माननीय उच्चतम न्यायालय के तारीख 4 अगस्त, 2006 के आदेश के अनुसार किए जाएंगे।
2	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) पैदा करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में नये उद्योगों और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगी। मौजूदा उद्योगों द्वारा प्रदूषण निवारण प्रौद्योगिकों तथा शोर अवरोधों की स्थापना की जाएगी।
3	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	प्रतिषिद्ध ।
4	किसी परिसंकटमय पदार्थ /खतरनाक कचरा का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	प्रतिषिद्ध
5	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण ।	प्रतिषिद्ध
6	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों के विस्तार की अनुमति नहीं होगी।
7	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।
8	पॉलीथिन बैग और प्लास्टिक का प्रयोग।	प्रतिषिद्ध।
9	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	प्रतिषिद्ध।
